# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




Pramod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org | teachersofbihar@gmail.com

www.teachersofbihar.org

## कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)



### "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उददेश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

### [ शुभकामना संदेश ]



अपार हर्ष के साथ कहना है की सरकारी विद्यालय के प्रतिभावान बच्चो के प्रतिभा को सम्मानित करने और उन्हें प्रोत्साहित करने के सकारात्मक ऊर्जा द्वारा ToB "बाल मन कैमूर" मासिक पत्रिका बच्चो और शिक्षको के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की तरह है जिसके माध्यम से बच्चो के कलात्मक,रचनात्मक,

सृजनात्मक और बौद्धिक क्षमता के साथ सर्वांगीण विकास हो रहा है।सरकारी विद्यालय के बच्चो ने भी इस पत्रिका के माध्यम से अपने प्रतिभा के परचम को राज्य स्तरीय पटल पर लहराने को प्रेरित किया है।इस नवाचार को अपनाने और बच्चो के लिए समर्पण भाव से कार्य करने के लिए मैं अपने तरफ से इस पत्रिका के संपादक धीरज कुमार और उनके टीम में शामिल सभी शिक्षको का आभार व्यक्त करते हुए बाल मन कैमूर को अपनी शुभकामना देते हुए सरकारी विद्यालय के बच्चो के उज्ज्वल और सुखद भविष्य की मंगल कामना करता हूं।

**शुभकामनाओं सहित।**

**दयाशंकर सिंह**
**जिला कार्यक्रम पदाधिकारी**
**औरंगाबाद**

# सम्पादकीय

@reallygreatsite

प्यारे बच्चों,

नमस्कार

बालमन पत्रिका 22 वीं अंक को समर्पित करते हुए उम्मीद करते हैं कि आप सभी सकुशल और स्वस्थ होंगे। आप अपने परिवार,समाज, वातावरण, देशकाल और परिस्थितियों से निरंतर सीखते रहते हैं। चूंकि आप दुनिया से पहली बार परिचित होते हैं,आपके लिए हर चीज नयी होती है और हमेशा प्रश्नों से घिरे रहते हैं। ऐसे ही समस्त जिज्ञासाओं का उत्तर पाने के लिए बालमन पत्रिका अहम भूमिका निभाती है।

आप नवाचार करते रहें और उसको बालमन चांद टीम तक जरूर पहुंचाएं।

हमारी बालमन चांद टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए हमेशा प्रयासरत है।

आप सबकी उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।



प्रमोद कुमार" निराला"
क.म.वि.चांद, कैमूर

# सहयोगकर्ता सदस्य

@reallygreatsite

1- उदय पाण्डेय
(म.वि.चांद, कैमूर)

2- मो.असलम
(म.वि.चांद, कैमूर)

3- सुमन सिंह पटेल
(क.म.वि.चांद, कैमूर)

4-प्रीति कुमारी
(उ.मा.वि.बकसड़ा, करगहर, रोहतास)

5- विनीता तिवारी
(न्यू प्रा.वि.किसनपुरा, चांद,कैमूर)

6- मीरा कुमारी
(म.वि.घटैयां कुदरा, कैमूर

@reallygreatsite

## सहयोगी सदस्य की कलम से _



बच्चे कोरे कागज  की तरह होते हैं। जिस पर जैसी छाप दी जाएगी बच्चा वैसा ही आगे चलकर व्यवहार करता है इसलिए यह निहायत ही जरूरी है की बच्चों के मन को जिस भी रंग में रंग जाय,वह कलुषित ना हो। ऐसा अक्सर होता है कि बालक अपने समस्त जिज्ञासाओं का उत्तर प्राप्त नहीं कर पाता ऐसे में बालमन चांद टीम आपका पूर्ण रूप से सहयोग करती है आप अपनी कलाकृतियों बालमन चांद टीम तक जरूर पहुंचाएं।

आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ

सुमन सिंह पटेल
क.म.वि.चांद, कैमूर

@reallygreatsite

## सहयोगी सदस्य की कलम से _



बालक अपने परिवार, समाज,वातावरण,देश-कालऔर परिस्थितियों से निरंतर सीखता रहता है जिनका उसके लिए सकारात्मक होना बहुत जरूरी है इन सब का बालक के कोमल मस्तिष्क पर गहरा प्रभाव पड़ता है। आप सभी निरंतर नवाचार करते हुए अपनी कला-कृतियों को बालमन टीम चांद तक जरूर पहुंचाएं।

आपके ऊपर भविष्य की कामना के साथ।

विनीता तिवारी
प्रा.वि.किशनपुरा, चांद कैमुर

@reallygreatsite

@reallygreatsite

# सहयोगी सदस्य की कलम से _

प्यारे बच्चों,

आप सभी को प्यार और आशीष आज के इस प्रतियोगिता के दौर में कुछ कर गुजरने का जज्बा एक मुकाम हासिल कर उस मुकाम पर बने रहने के लिए निरंतर संघर्ष और समाज में अपने कर्तव्यों का कुशल निर्वहन ही इंसान को महान बनाता है। प्रत्येक बालक प्रतिभाशाली नही हो सकते और ना ही प्रत्येक बालक सृजनशील । लेकिन प्रत्येक  बच्चे में कुछ न कुछ ऐसी प्रतिभा जरूर होती है जिसे वह निखार कर समाज में अपने को एक स्तम्भ के रूप में खड़ा कर सके।कहा जाता है न,कि गुलाब की खुशबू लेनी है तो कांटों की चोट सहनी पड़ेगी। ठीक उसी तरह सफलता की सीढ़ी चढ़नी है तो असफलता को भी झेलनी पड़ेगी।

अंत में यही कहना चाहूंगी कि आप सभी बच्चे अपनी तरफ से अपनी कलाओं को प्रदर्शित करने का प्रयास करते रहे हमारे बालमन चांद टीम आपको बेहतर बनाने के लिए हमेशा से प्रयत्नशील रही है और आगे भी रहेंगी।

कुछ पंक्तियां आप सभी बच्चों के नाम _

आप ही हो देश के भविष्य हमारे,
आप ही हो अपने मां -बाप के बुढ़ापे के सहारे।
आप को पाकर जो सारे ग़म को भुला दिया,
भर दो उनकी झोली, दे दो खुशियां ढेर सारे।
देश भी याद करेगा आपके इस कर्त्तव्य की सीख मिलेगी,प्रेरणा मिलेगी,
लोग समझेंगे अपने दायित्व को।



प्रीति कुमारी
उ.मा. वि. बकसड़ा, करगहर
रोहतास

@reallygreatsite

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

# बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

# Teachers of Bihar

# अनमोल विचार

बालमन


हर बच्ची को जीवन में स्वतंत्रता और सम्मान से जीने का अधिकार है। उसे शिक्षा और सुरक्षा देना हमारे समाज का प्रमुख कर्तव्य है।

**कैलाश सत्यार्थी**



राकेश कुमार


पद्य पंकज
" जो भरा नहीं है भावों से
जिसमें बहती रसधार नहीं
वह हृदय नहीं है पत्थर है,
जिसमें स्वदेश का प्यार नहीं "
मैथिलीशरण गुप्त


Teachers of Bihar
The Change Makers
राकेश कु
शिक्षा शब्दकोश
सामाजिक बुद्धिमत्ता कौशल
सामाजिक बुद्धिमत्ता कौशल ऐसी चीज़ है जिसे कोई भी सीख सक
है। वे जीन या जीव विज्ञान पर निर्भर नहीं होते हैं, हालाँकि कुछ लो
दूसरों की तुलना में उन्हें प्राप्त करने के लिए अधिक संवेदनशील ह
सकते हैं। सामाजिक बुद्धिमत्ता सिद्धांत को सबसे पहले 1920 मे
मनोवैज्ञानिक एडवर्ड थोर्नडाइक ने विकसित किया था।

# Teachers of Bihar

# बालमन



## मन की बात

ToB बालमन पत्रिका बच्चों के लिए एक बहुत उपयोगी पत्रिका है। टीचर्स ऑफ बिहार और बालमन का बहुत - बहुत धन्यवाद जिनके माध्यम से कई अच्छी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।लोकगीत की प्रतियोगिता करवाने के लिए टीचर्स ऑफ का बहुत बहुत धन्यवाद तथा विद्यालय की चँदना मैडम का आभार।हम बच्चों की प्रतिभा को मंच देने के लिए ToB बालमन का आभार।




काजल कुमारी
वर्ग छह
राजकीयकृत मध्य विद्यालय राँटी
मधुबनी


ToB बालमन पत्रिका का प्रकाशन शिक्षा के क्षेत्र में एक सराहनीय पहल है। टीचर्स ऑफ बिहार और बालमन पत्रिका के संपादक धीरज सर द्वारा इस उत्कृष्ट कार्य के लिए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। टीचर्स ऑफ बिहार बालमन पत्रिका में मेरे विद्यालय के बच्चों की प्रतिभा को भी स्थान प्राप्त होने से प्रोत्साहन मिल रहा है।इस सराहनीय कार्य के लिए आभार सह धन्यवाद।





नवरंग सिंह यादव (शिक्षक)
राजकीय उ० मध्य विद्यालय सेनुअरिया
(पश्चिमी चंपारण)

www.teachersofbihar.org




श्रद्धांजलि
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
रतन टाटा
जन्म 28 दिसम्बर 1937-मृत्यु 9 अक्टूबर 2024
www.teachersofbihar.org
Madhu priya


जयंती पर कोटि-कोटि नमन
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
जयप्रकाश नारायण
11 अक्टूबर 1902 - 8 अक्टूबर1979
Madhu priya
www.teachersofbihar.org

# विश्व के धरोहर

## बुर्ज खलीफा



बुर्ज ख़लीफ़ा दुबई में आठ अरब डॉलर की लागत से छह साल में निर्मित 820 मीटर ऊँची 163 मंज़िला ऊँची इमारत हैं।बिल्डिंग्स एंड अर्बन हेबिटेट (CTBUH) पर अंतर्राष्ट्रीय गैर-लाभकारी संगठन परिषद के अनुसार, दुबई में स्थित बुर्ज खलीफा विश्व की सबसे ऊंची इमारत है। बुर्ज खलीफा का निर्माण सन 2004 से शुरू हुआ था तथा लोकार्पण 04 जनवरी, 2009 को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया।आर्किटेक्ट एड्रियन स्मिथ ने इसे डिज़ाइन किया था। इसमें तैराकी का स्थान, खरीदारी की व्यवस्था, दफ़्तर, सिनेमा घर सहित सारी सुविधाएँ मौजूद हैं। इसे 96 किलोमीटर दूर से भी साफ़-साफ़ देखा जा सकता है। इसमें लगायी गयी लिफ़्ट दुनिया की सबसे तेज़ चलने वाली लिफ़्ट है। “ऐट द टॉप” नामक एक दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक, 124 वीं मंजिल पर, 5 जनवरी 2010 पर खुला। यह 452 मीटर (1,483 फुट) पर, दुनिया में तीसरे सर्वोच्च अवलोकन डेक और दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा दरवाज़े के बाहर अवलोकन डेक है।

धीरज कुमार



# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**तुर्की का इस्तांबुल दुनिया का एकमात्र ऐसा शहर है जो दो महाद्वीपों में बसा है !**

# ToB बालमन प्रेरक प्रसंग

## समस्या



एक राजा ने बहुत ही सुंदर "महल" बनावाया और महल के मुख्य द्वार पर एक "गणित का सूत्र" लिखवाया... और एक घोषणा की कि, इस सूत्र से यह 'द्वार खुल जाएगा, और जो भी इस "सूत्र" को "हल" कर के "द्वार" खोलेगा, मैं उसे अपना उत्तराधीकारी घोषित कर दूंगा।

राज्य के बड़े बड़े गणितज्ञ आये, और 'सूत्र देखकर लौट गए, किसी को कुछ समझ नहीं आया।आख़री दिन आ चुका था। उस दिन 3 लोग आये, और कहने लगे, हम इस सूत्र को हल कर देंगे ?

उसमें 2 तो दूसरे राज्य के बड़े गणितज्ञ अपने साथ बहुत से पुराने गणित के सूत्रों की पुस्तकों सहित आये थे।

लेकिन एक व्यक्ति जो "साधक" की तरह नजर आ रहा था, सीधा साधा कुछ भी साथ नहीं लाया था। उसने कहा, मैं यहां बैठा हूँ। पहले इन्हें मौक़ा दिया जाए।

दोनों गहराई से सूत्र हल करने में लग गए। लेकिन द्वार नहीं खोल पाये और अपनी हार मान ली।

अंत में उस साधक को बुलाया गया। और कहा कि, आप सूत्र हल करिये समय शुरू हो चुका है।साधक ने आँख खोली और सहज मुस्कान के साथ 'द्वार' की ओर गया।

साधक ने धीरे से द्वार को धकेला, और यह क्या ? द्वार खुल गया।

राजा ने साधक से पूछा... आप ने ऐसा क्या किया ?

साधक ने बताया जब मैं 'ध्यान' में बैठा, तो सबसे पहले अंतर्मन से आवाज आई, कि पहले ये जाँच तो कर ले कि, सूत्र है भी या नहीं।इसके बाद इसे हल "करने की सोचना" और मैंने वही किया।



### शिक्षा

बच्चों, कई बार जिंदगी में कोई "समस्या" होती ही नहीं और हम "विचारों" में उसे बड़ा बना लेते हैं। हर समस्या का उचित इलाज आपकी "आत्मा" की आवाज है।

ToB बालमन

# दर्शनीय स्थल

## भारत पर्यटन

अक्टूबर 2024

## मां मुंडेश्वरी वन्य प्राणी इको पार्क

बिहार के कैमूर जिले में प्रसिद्ध मां मुंडेश्वरी धाम के परिसर में एक खास वन्य प्राणी इको पार्क बनकर तैयार है। यह पार्क खास है क्योंकि यह बिहार का पहला वन्य प्राणी इको पार्क है। इसका उद्देश्य लोगों को वन्यजीवों और पर्यावरण के प्रति जागरूक करना है। 14 एकड़ में यह पार्क तीन पार्ट में बनायागया है। पहला पार्ट पहाड़ी इलाके पर फैला है, जो 7 एकड़ में है। दूसरा पार्क समतल मैदान में 5 एकड़ में बनाया गया है और तीसरा पार्क उसी के ठीक सामने समतल मैदान में दो एकड़ में बनाया गया है। यह पार्क वन्य प्राणी के थीम पर बनाया गया है।पार्क में जानवरों की कई मूर्तियां हैं जो बच्चों को आकर्षित करेंगी और उन्हें प्रकृति के करीब लाएंगी।पार्क में एक 80 फीट ऊंची लोहे की मीनार भी है जहां से पूरे पार्क का नज़ारा देखा जा सकता है। पार्क को प्राकृतिक तरीके से सजाया गया है। यहां पेड़ों पर झूलते बंदर, डायनासोर, मगरमच्छ और सूर्य नमस्कार जैसी कलाकृतियां लोगों को अपनी ओर खींचती हैं। यहां पहुंचने का सबसे निकट रेलवे स्टेशन भभुआ रोड 24 KM है।निकटतम एयरपोर्ट लालबहुदर शास्त्री एयरपोर्ट वाराणसी लगभग 105 KM हैं।







कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यापक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार



12 अक्टूबर
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
दशहरा
की हार्दिक शुभकामनाएं।
www.teachersofbihar.org
Madhu p


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TEACHERS OF BIHAR
दीपावली
की हार्दिक शुभकामनाएं

# TOB बालमन

## व्यक्ति विशेष

अक्टूबर 2024





# ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम

ए॰ पी॰ जे॰ अब्दुल कलाम का पूरा नाम अवुल पकिर जैनुलाब्दीन अब्दुल कलाम था।लोग इन्हें मिसाइल मैन और जनता के राष्ट्रपति नाम से भी जानते हैं। वे भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे।वे भारत के पूर्व राष्ट्रपति, जाने माने वैज्ञानिक और अभियंता (इंजीनियर) के रूप में विख्यात थे। इनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम अंसार परिवार में हुआ था।इनके पिता मछुआरों को नाव किराये पर दिया करते थे। वे स्वयं पाँच भाई एवं पाँच बहन थे और घर में तीन परिवार के साथ रहा करते थे।अब्दुल कलाम ने अपनी आरंभिक शिक्षा जारी रखने के लिए अख़बार वितरित करने का कार्य भी किया था।1972 में वे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन से जुड़े।उनके देखरेख में भारत ने 1998 में पोखरण में अपना दूसरा सफल परमाणु परीक्षण किया और परमाणु शक्ति से संपन्न राष्ट्रों की सूची में शामिल हुआ27 जुलाई 2015 की शाम अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में 'रहने योग्य ग्रह' पर एक व्याख्यान दे रहे थे तब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और  कुछ घंटो के बाद उनका निधन हो गया। वे सभी के बीच बहुत लोकप्रिय थे।देश उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए सदैव उन्हे याद करेगा।

# ToB बालमन,अपनी संस्कृ

## भारत के कुछ प्रमुख वाद्य

1



करताल

2



शहन

3



डमरू

4



नगाड़ा

5



संतूर /शततंत्री वीणा

6



वीणा

# ToB बालमन विशेषांक

## विषय : सामान्य ज्ञान



## नदियों किनारे स्थित विश्व के प्रमुख शहर

| शहर | देश | नदी |
|---|---|---|
| >>> रोम | इटली | टाईबर |
| >>> लंदन | ब्रिटेन | टेम्स |
| >>> पेरिस | फ्रांस | सीन |
| >>> न्यूयॉर्क | संयुक्त राज्य अमेरिका | हडसन |
| >>> सिडनी | आस्ट्रेलिया | डार्लिंग |
| >>> ओटावा | कनाडा | सेंट लारेंस |
| >>> टोकियो | जापान | अराकुवा |
| >>> शंघाई | चीन | यांग्टी सिकयांग |

# ◆चेतना सत्र

## रामदुलारी जगदीप उच्च विद्यालय बहुआरा चांद कैमूर



# ◆चेतना सत्र


उत्क्रमित मध्य विद्यालय लोहदन
प्रखण्ड- चाँद, जिला- कैमूर ,वि. कोड- 10310608001
चांद कैमूर
सर्व शिक्षा अभियान

ToB बालमन अंतर खोजे

30 सेकंड मे 5 अंतर खोजे



TEACHERS OF BIHAR

## गुणकारी सब्जी

### कुंदरु



कुंदरू एक प्रमुख भारतीय सब्जी हैं। इसमें फाइबर भरपूर मात्रा में पाया जाता है, जिससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहता है। इसे खाने से जल्दी भूख नहीं लगती, जिसके कारण वजन कंट्रोल में रहता है। कुंदरू की सब्जी में सोडियम कम और पोटैशियम अधिक होता है इसलिए दिल की सेहत के लिए फायदेमंद होता है। हाई ब्लड प्रेशर को कंट्रोल करने में मदद करता है।कुंदरू में कैल्शियम, आयरन, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट जैसे पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं, जो इम्यूनिटी को बूस्ट करने में मदद करते हैं।

धीरज कुमार
UMS सिलौटा भभुआ

## TOB बालमन


दिल को हमेशा सकारात्मक सोच व ऊर्जा व प्रसन्नता से भरा रखें तभी पूर्ण शरीर स्वस्थ रहेगा व दिमाग में व्यर्थ के नकारात्मक विचारों को न आने दें।




धीरज कुमार
प्रधान संपादक

# नन्हे कलाकार

**उ म वि पाढ़ी चांद कैमूर**





# नन्हे कलाकार






# ToB बालमन कविता

## आत्मनिर्भर भारत

मेरे बापू महान
बने भारत की शान
उठाया शस्त्र कोई ना
जिनकी वाणी बनी
भारतके जनता की वीणा

चले गुजरात से वो
बिगुल बिहार में फूंका
हुआ क्रांति का आवाहन
डोला अंग्रेजी शासन

ठंढे चुल्हे से उठी चिंगारी
जागी भारत की नारी
कात कपास से सूता
बापू ने स्वदेशी अपनाया

चरखा चलाती मुनिया
देखती सारी दुनियां
भारत सदा रहा शान्ति का पुजारी
शान्ति भंग करने आये कपटी व्यापारी

कपोत ने फिर उड़ान भरी
बापू है शान हमारी
अहिंसा के पुजारी
लाठी धोती मे नापी दुनियाँ सारी

अंग्रेज़ों को धूल चटा दी
भारत को मिली आजादी
,यही स्वछंद भारत अपना
हुआ बापू का साकार सपना

ना अब ये चक्र रूकेगा
भारत अग्रणी बनेगा
शहीदों का स्वप्न खिलेगा
विश्व गुरू भारत बनेगा

स्वदेशी मंत्र जपकर
हमसब चलेगे एकसाथ मिलकर
गाँवोंमें जलेगी
अब तो शिक्षा की ज्योति
तेजस हुंकारेगा
सवा सौ करोड़ हाथों में
तिरंगा लहरायेगा
आत्मनिर्भर भारत बनेगा।



चंदना दत्त (शिक्षिका)
रांटी ,मधुबनी
बिहार

# ToB बालमन कविता

## सप्ताह के मेनू

चावल, मिश्रित दाल , सब्जी हरी
ये मेनू" सोमवार" को चली।

जीरा चावल, आलू सोयाबीन की सब्जी,
"मंगलवार" को बनाता रसोईया रामजी।

हरी सब्जियाँ युक्त खिचड़ी चोखा,
"बुधवार" को बँटवाती मेडम रेखा।

सब्जी हरी ,चावल मिश्रित दाल,
"गुरुवार "को बनता कमाल।

मौसमी फल,हरा सलाद ,चना का छोला संग पुलाव,
"शुक्रवार" को बनता लाजवाब।

मिश्रित दाल,हरी सब्जी युक्त खिचड़ी चोखा,
"शनिवार" को देता नहीं धोखा।

"रविवार "सबके लिए खास,
सबको मिलता इस दिन अवकाश।

ये सब हैं सप्ताह के मेनू ,
दिवाल पर इसको लिखवाई रेणु।

नीतू रानी
स्कूल -म०वि०सुरीगाँव
प्रखंड -बायसी
जिला -पूर्णियाँ
बिहार



# विश्व हाथ धुलाई दिवस - 15 अक्टूबर

सभी के लिए हाथों की स्वच्छता

Rakesh Kumar



हाथों को बार-बार साबुन एवं साफ पानी से अच्छी तरह धोएं।

## हाथ धोने के आसान चरण!




# ToB बालमन कविता

## दीपावली

जब अंधियारा घनघोर हो
सन्नाटा चारो ओर हो
तुम पहला कदम उठाना
खुशियों के दीप जलाना

भूखा ना सोए कोई,
बच्चा न रोए कोई
जहां नहीं हो कोई दिन दुखी
जहां हर व्यक्ती ही हो सुखी
ऐसा संसार बनाना
खुशियों के दीप जलाना

ज्ञान से रौशन हो संसार
समृद्ध सुखी हो हर परिवार
ना धर्म जात का भेद हो
आपस में न मतभेद हो
सबको गले लगाना
खुशियों के दीप जलाना



रिजवाना यासमीन उर्फ चांदनी समर
(शिक्षिका)
मुजफ्फरपुर [बिहार]

अक्टूबर 2024

# ToB बालमन

## 🤣हँसना जरूरी है...

टीचर: स्कूल में अगर कोई बम रख दे और तुम देखो तो तुम क्या करोगे?

एक बच्चा : सर ,कुछ देर इंतजार करेंगे और अगर कोई नही ले जाता है तो उसे प्रिंसिपल ऑफिस में रख देंगे।

---

दुकानदार एक बच्चें से: बताओ तो चेहरे पर सबसे अधिक मासूमियत कब रहती हैं ?

बच्चा : अंकल जब फटे नोट आपको देने होते है और जब आप उसे रख भी लेते है तब।



अक्टूबर 2024

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन

## अजब गजब

1 दुनिया का सबसे बड़ा क्रूज़ शिप, रॉयल कैरेबियन आइकॉन ऑफ़ द सीज़ है। इस शिप छह वॉटरस्लाइड, सात स्विमिंग पूल, एक आइस स्केटिंग रिंक, एक थिएटर, और 40 से ज़्यादा रेस्टोरेंट, बार, और लाउंज हैं।

2 देश में सबसे अधिक टोल प्लाजा राजस्थान में हैं। राजस्थान में कुल 142 टोल प्लाजा हैं।

3 पृथ्वी पर हर जगह गुरुत्वाकर्षण एक जैसा नहीं होता।

4 जर्मनी का हैम्बर्ग, दुनिया का सबसे ज़्यादा पुलों वाला शहर है, जहाँ नदियों,नहरों और जलमार्गों पर 2,500 से ज़्यादा पुल हैं।

5 अंतरिक्ष यात्री डकार नहीं ले सकते क्योंकि पेट के लिक्विड से गैस को अलग करने के लिए गुरुत्वाकर्षण नहीं होता।

सोशल मीडिया से

# ToB खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

## टेबल टेनिस

टेबल टेनिस(table tennis) को पिंग पोंग (ping pong) भी कहा जाता है। टेबल टेनिस को कमरों के भीतर खेलने के लिए बनाया गया था। सबसे पहले टेबल टेनिस की शुरुआत इंग्लैंड में हुई। सन् 1922 में इंग्लैंड में टेबल टेनिस ऐसोसिएशन बना तथा प्रथम विश्वप्रतियोगिता लंदन में हुई। अब यह खेल अत्यंत लोकप्रिय हो चुका है और संसार के 71 देशों में खेला जाता है। टेबल टेनिस आज बहुत लोकप्रिय है टेबल टेनिस लाखों लोग खेलते है और टेनिस 2.5 इंच का होता है



### खेल के नियम

टेबल टेनिस एक समय में दो (एकल) या चार (युगल) खिलाड़ियों के बीच खेला जाता है। प्रत्येक खिलाड़ी एक बल्ला (बैट) लेता है तथा एक गेंद आवश्यक है। खेल का क्षेत्र एक लकड़ी की सतह का टेबल होता है। पैरों में रबर के जूते तथा रंगीन कपड़े (किसी भी गहरे रंग के) पहनना अनिवार्य है।

## फुटबॉल

- फुटबॉल को एसोसिएशन फुटबॉल भी कहा जाता है.
- फुटबॉल के इतिहास में ऐसा कोई भी व्यक्ति नहीं है जिसे फुटबॉल का आविष्कारक माना जा सके.
- एबेनेज़र कोब मोर्ले को फुटबॉल का 'पिता' माना जाता है.
- उन्होंने 1862 में इंग्लैंड के लंदन में बार्न्स फुटबॉल क्लब की स्थापना की थी.
- फुटबॉल की विश्व नियामक संस्था फ़ीफ़ा का मुख्यालय ज्यूरिख, स्विट्ज़रलैंड में है.
- पहला फ़ीफ़ा विश्व कप 1930 में आयोजित किया गया था.
- एफ़ए कप दुनिया की सबसे पुरानी फुटबॉल प्रतियोगिता है.
- यूईएफ़ए चैंपियंस लीग यूरोप की प्रमुख क्लब फुटबॉल प्रतियोगिता है.

# पेन और पेंसिल आर्ट








उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमूर

# पेन और पेंसिल आर्ट



# ToB SCIENCE TLM

## समतल दर्पण द्वारा प्रतिबिंब का बनना

कोई वस्तु समतल दर्पण से जितनी आगे होती है, उसका प्रतिबिंब दर्पण से उतना ही पीछे बनता है ।

अत: समतल दर्पण में-

**वस्तु-दूरी = प्रतिबिंब-दूरी**

### समतल दर्पण द्वारा बने प्रतिबिंब की विशेषताएँ -

*प्रतिबिंब दर्पण के पीछे बनता है ।

* प्रतिबिंब का आकार वस्तु के आकार के बराबर होता है

* प्रतिबिंब पार्श्विक रुप से उलटा होता है।

* प्रतिबिंब आभासी होता है।

* प्रतिबिंब वस्तु की अपेक्षा सीधा बनता है।

* प्रतिबिंब दर्पण से उतना ही पीछे बनता है जितना वस्तु दर्पण से आगे रहता है ।

Pratibha Pandey

## International System of Units

SI unit में 7 आधारी राशियाँ और 2 संपूरक राशियाँ होती है।

| आधारी राशियाँ | SI मात्रक का नाम | संकेताक्षर |
|---|---|---|
| लम्बाई | मीटर | m |
| द्रव्यमान | किलोग्राम | kg |
| समय | सेकंड | s |
| विद्युत -धारा | एम्पियर | A |
| ताप | केल्विन | K |
| ज्योति तीव्रता | कैंडला | cd |
| पदार्थ का परिमाण | मोल | mol |

| संपूरक राशियाँ | SI मात्रक का नाम | संकेताक्षर |
|---|---|---|
| समतल कोण | रेडियन | rad |
| घन कोण | स्टेरेडियन | sr |

# ToB बालमन कहानी



## अमावस की रात

अमावस की अँधेरी रात!मैं अकेली पगडंडियों से होती हुई गाँव की ओर जा रही थी। हाथ में एक बैग और दूसरे हाथ में टॉर्च। लगभग 2 कि. मी. जाना था। मैं मन से थकी सी। कोई आसपास भी नही।
लगा एक साया! कोई मेरा पीछा तो नहीं कर रहा है, सोचकर मैं घबराने लगी , अनहोनी के डर से जाड़े की उस रात में माथे पर पसीना।
अनायास मेरे मुँह से निकला-कौन?
तबतक वो पास आ चुका था। जी मैं ..मैं आशीष!
कौन आशीष? वह सामने खड़ा हो गया।झुक कर मेरे पैर छूने लगा।
अरे ठीक है?



"नहीं मैम, मुझे आपका आशीर्वाद चाहिये"
कहता हुआ उसने मेरे पैर छुए।
मैंने भी उसे आशीर्वाद दिया।
मुझे तसल्ली हुई और बेहद शान्ति मिली।
"लेकिन मैं पहचान नही पाई"..
"जी आप शायद मुझे भूल गई मैंम.. मैं आपका आशू.. याद कीजिये शायद ..
अरे हाँ.. तुम आशू..
मैंने टॉर्च लाइट में उसे पहचानने की कोशिश की...



फिर धुँधला सा याद आया...यह तो आशू लगता है..प्यारा सा बच्चा ..जो ...
मैम आप को मैनें सड़क पर बस से उतरते देखा। पहले तो मैं समझ नहीं पाया ..कहते हुए उसने मेरा बैग अपने हाथों ले लिया और आवाज लगाई..अरे करीम....



जी साब! उधर से आवाज आई।
बैग लो...
मैम आप इधर..
यही पास में मेरा गाँव है.. मैनें कहा। तुम यहाँ?
मैं एस. डी. एम...आपका आशू।
आप चलिए थोड़ा आराम कीजिये मैं सारी व्यवस्था करता हूँ।

वो मुझे ले गया और अपनी प्यारी सी पत्नी और बच्ची से मिलवाया..उसने कहाँ मिलो मेरी उस माँ से जिसने मुझे ..

अरे क्या बात है आशू..
बातें हुई .आँखें भर आई..उसने जिद्द की की मैं सुबह जाऊं.. लेकिन मैं समझा कर इस वादे के साथ कि शीघ्र आऊँगी.. अपने गाँव की ओर प्रस्थान कर गई। उसने स्वयं मुझे मेरे घर तक छोड़ा।
मैं सोचती रही, मेरा शिक्षक धर्म मुझे कितना कुछ देता है। मेरा यह विद्यार्थी पढ़ने के काल में एक सामान्य विद्यार्थी की तरह किंतु शिष्ट और मेंहनती। मैंने भी इसे अपनापन और लग्न दिया जो सामान्यतः सभी शिक्षक अपने विद्यर्थियों को देते हैं। अमावस की वह रात एक शिक्षक के स्वयं से परिचय की रात थी।



स्नेहलता द्विवेदी "आर्या"
(शिक्षिका)
उत्क्रमित कन्या मध्य विद्यालय
शरीफगंज,कटिहार

## हमारा जंगल

**वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान:-** वाल्मीकि राष्ट्रीय उद्यान भारत के बिहार राज्य के पश्चिमी चंपारण जिले में स्थित बाघ संरक्षण को समर्पित एक राष्ट्रीय उद्यान है। बाल्मीकि व्याघ्र परियोजना का हरा-भरा जंगल विभिन्न प्रजाति के पेड़-पौधे एवं वन्यजीवों से भरा पड़ा है। नेपाल एवं यूपी की सीमा पर अवस्थित यह टाइगर रिजर्व प्राकृतिक सौंदर्य के लिए जाना जाता है। दिन के उजाले में गंडक नदी के शांत पानी में पहाड़ का प्रतिबिंब बहुत ही मनोहारी एवं आकर्षक लगता है।



## हरियाली और हम

* पेड़-पौधे चाहे घर के आस-पास हो या जंगल में, हमारे लिए बहुत उपयोगी हैं।
* पेड़-पौधों की वजह से हमारे वातावरण में चारों ओर हरियाली होती है।
* हरे भरे पेड़-पौधे, चहचहाते पक्षी वास्तव में हमें काफी खुशी देते हैं मानो कि यह हरियाली पर्यावरण को हरा-भरा कर देती है और हम सभी के चेहरे पर मुस्कान ला देती है।
* हम सभी को हरियाली बनाए रखने के लिए पेड़-पौधे लगाने चाहिए, वृक्षारोपण के अभियान को आगे बढ़ाना चाहिए लोगों को जागरूक करना चाहिए कि हरियाली का महत्व काफी अधिक है।



# मेरी उड़ान



# संख्या

## प्राकृतिक संख्या(Natural Number)

गिनती की संख्या को प्राकृतिक संख्या कहते हैं। जैसे-1,2,3,4 इत्यादि।

सबसे बड़ी प्राकृतिक संख्या अनंत है।
सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या 1 है।

## पूर्ण संख्या (Whole Number)

गिनती की संख्या में अगर '0'को शामिल कर लिया जाए तो यह पूर्ण संख्या कहलाती है। जैसे-0,1,2,3,4 इत्यादि।

सबसे छोटी पूर्ण संख्या 0 है।

## पूर्णांक (Integer)

धनात्मक (+ve) संख्यायें,ऋणात्मक (-ve) संख्यायें और 0 को पूर्णांक कहते हैं।

'0' धनात्मक या ऋणात्मक नहीं होता है।
-1,-2 को ऋणात्मक पूर्णांक कहते हैं।
1,2 आदि को धनात्मक पूर्णांक कहते हैं।

# भिन्न (Fraction)

एक संख्या को दूसरी संख्या से भाग देने पर प्राप्त राशि भिन्न कहलाती है।

जैसे -2/4,8/16, 5/7,7/11

ऊपर की संख्या को अंश(Numerator) तथा नीचे की संख्या को हर(denominator) कहा जाता है।

जैसे:-3÷2 एक भिन्न है।

इसे3/2 लिखा जाता है। इसमें 3 को अंश तथा 2 को हर कहा जाता है

# IoB बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री (OCTOBER 2024 )

## MATCHING BOARD

* कक्षा जिसके लिए TLM उपयुक्त है:- सभी
* विषय जिससे TLM संबंधित है:- सभी
* बनाने की विधि:- एक कुट के टुकड़े को लेंगे।कुट के बायें तरफ तथा बीच में जगह के हिसाब से चित्रानुसार स्क्रू लगा देंगे। दफ्ती के उपरी हिस्से पर एक छोटा वाला LED बल्ब लगा देंगे। प्रोजेक्ट बनाने वाली बैटरी से बल्ब को कनेक्ट कर देंगे।अब दोनों पंक्तियों के स्क्रू को इस तरह से कनेक्ट करेंगे की किसी भी स्क्रू का कनेक्शन ठीक सामने वाले स्क्रू से न हो।अब बैटरी तथा बल्ब के एक एक वायर को दोनों तरफ से निकाल कर उसके सिरे पर एक एक स्क्रू लगा देंगे।अब बायें वाले वायर को बायें तरफ के किसी स्क्रू पर रखेंगे और दायें वाले स्क्रू को बीच में स्थित स्क्रू पर बारी बारी से रखेंगे। जिस स्क्रू पर रखने से बल्ब जल जाए तो यह समझा जाता है कि उस स्क्रू का कनेक्शन संबंधित स्क्रू के साथ है। इस तरह से बारी बारी से चेक करके किसी भी कक्षा के किसी विषय का मिलान करने वाले प्रश्न को सेट करके रोचक तरीके से बच्चों को बताया जा सकता है। बच्चे अपने हाथ से करेंगे तथा बार बार करने से संबंधित प्रश्न का उत्तर आसानी से याद हो जाएगा

प्रश्न बदलने के लिए कागज के टुकड़े पर लिखकर गोंद के सहारे चिपकाया जा सकता है। इस TLM का प्रयोग शिक्षक की निगरानी में करना चाहिए अन्यथा बच्चे इसे क्षतिग्रस्त कर सकते हैं।




TLM निर्माणकर्ता



नाम:- अवधेश राम
विद्यालय का नाम:- उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा
प्रखंड:- भभुआ
जिला:- कैमूर
whatsapp no. :- 8581943379
email id:- awadheshram54@gmail.com

ToB बालमन
आपके पेंटिंग





नीतू कुमारी वर्ग
6
उ म वि पाढ़ी
चांद कैमूर

# मेरी कलाकृतियां






# मेरी कलाकृतियां





**उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमूर**

# मेरी कलाकृतियां






उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमूर

# TOB बूझो तो जानें..

संजय कुमार + धीरज कुमार

## बालमन

अक्टूबर 2024

**1**

हरी झंडी लाल कमान,
खाकर तौबा तौबा इंसान करे।
सी सी आवाज जब करे,
पानी से ही आग बुझे ।

**2**

खरीदते तो है खाने को
पर हम उसको खाते नही।
ऐसी भला क्या चीज हैं ?
जल्दी बूझो देर करो नही।



**3**

हाथ में तीर - धनुष है उनके
वध किए दस सिर वाले का।
पिता के थे आज्ञाकारी
नाम बताओ दो तुम उनका।

**4**

लाठी और चश्मा उनकी पहचान हैं।
चरखे से सूत काटे साबरमती आश्रम स्थान
कहते है बापू जिनको
स्वच्छ भारत जिनका अरमान हैं।।

उत्तर 1- मिर्च 2- प्लेट , 3-श्री राम 4- महात्मा गांधी

# पढ़ता बिहार बढ़ता बिहार



# उ उ वि एकौनी चांद कैमूर



# वीरगाथाएं






# वीरगाथाएं


वीर गाथा
॥ म० वि० भरारी ॥
SONALI KUMARI CLASS-7
रानी लक्ष्मीबाई
(झाँसी की रानी)


वीर गाथा
ONALI KUMARI CLASS-7
रानी लक्ष्मीबाई
(झाँसी की रानी)

# प्रगति पत्रक वितरण समारोह



# प्रगति पत्रक वितरण समारोह



# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

मधु प्रिया

## राष्ट्रीय डाक सेवा 10 अक्टूबर





भारतीय डाक की सेवा को राष्ट्रीय डाक दिवस द्वारा सम्मानित किया जाता है, जो हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। भारत में डाक सेवा की व्यवस्था साल 1766 में स्थापित की गई और भारत में पहला डाकघर 1786 में मद्रास में स्थापित किया गया। 1877 में पार्सल सेवा, 1879 में पोस्ट कार्ड, 1880 में मनी आर्डर और 1911 में इलाहाबाद से पहली एयरमेल सेवा शुरू की गई। वर्ष 1766 में यानी 252 साल पहले भारत में डाक व्यवस्था शुरू हुई। 1774 में वारेन हेस्टिंग्स ने कोलकाता में पहला डाकघर स्थापित किया था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1852 में भारत में पहली बार चिट्ठी पर डाक टिकट लगाने की शुरूआत हुई थी। 01 अक्टूबर, 1854 को भारत में महारानी विक्टोरिया के चित्र वाला डाक टिकट जारी हुआ था। 1947 में जारी किए गए पहले स्वतंत्रता टिकटों की संख्या तीन थी। उन्होंने अशोक स्तंभ, (भारत का राष्ट्रीय प्रतीक), भारतीय राष्ट्रीय ध्वज और एक विमान का चित्रण किया। तब से भारत ने 3000 से अधिक डाक टिकट जारी किये हैं।

## अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर




अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस वर्ष 1969 में इलेक्ट्रॉनिक संदेश भेजने हेतु इंटरनेट के सर्वप्रथम उपयोग की वर्षगांठ के अवसर पर 29 अक्टूबर 2014 को विश्व स्तर पर मनाया गया। दूरसंचार और प्रौद्योगिकी के इतिहास में महत्वपूर्ण दिवस की याद में प्रतिवर्ष 29 अक्टूबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट दिवस  को प्रतिवर्ष मनाने का काम 2005 से शुरू किया गया।अगर इंटरनेट का अर्थ हिंदी में खोजें तो शब्द मिलता है "अंतरजाल" एक ऐसा नेटवर्क जिससे दुनिया भर के कंप्यूटर आपस में तार और बिना तार के जुड़ें हुए हैं आप इसकी तुलना मकड़ी के जाल से भी कर सकते हैं क्योंकि यह बहुत जटिल नेटवर्क हैं व्यवहारिक भाषा में "अंतरजाल" शब्द का प्रयोग नहीं किया जाता है यहां तक कि बहुत से लोग इंटरनेट को केवल नेट कहकर ही सम्बोधित करते हैं इंटरनेट को  वर्ल्ड वाइड वेब के नाम से भी जाना जाता है। वेब का शाब्दिक अर्थ तरंगों से होता है। मानव इतिहास का सबसे महत्वपूर्ण अविष्कार 29 अक्टूबर को हुआ अविष्कार माना जाता है। कोई भी अविष्कार बिना इंटरनेट  के होना संभव नहीं था। वर्ष 2005 से प्रत्येक 29 अक्टूबर को हम इंटरनेट प्रसारण की वर्षगांठ के रूप में मनाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस  इंटरनेट के निर्माण में मदद करने वाले लोगों के लिए मनाया जाता है। इंटरनेट के अविष्कार ने हमारा जीवन हमेशा के लिए बदल दिया।1996 गूगल ने स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय में एक अनुसंधान परियोजना शुरू किया जो कि दो साल बाद औपचारिक रूप से काम करने लगा, इस दशा में प्रगति होती गई और धीरे-धीरे हुई प्रगति के फलस्वरूप इंटरनेट ने एक बड़ा और विशाल रूप धारण कर लिया। आज आपके पास इंटरनेट का पावर है, जिससे आप कुछ भी कर सकते हैं, पलभर में कोई भी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। आज हर जगह इंटरनेट का प्रयोग हो रहा है, पिछले कुछ वर्षों में लोग इससे इस तरह जुड गये हैं कि आने वाले समय में आप बिना इंटरनेट के किसी भी तकनीक की कल्पना नहीं कर सकते हैं, आज कोई भी क्षेत्र इंटरनेट से अछूता नहीं है।


# मिशन दक्ष



अ आ इ ई उ ऊ ऋ ए ऐ ओ औ अं अः
दिनांक - 26|10|2024
दिन - शनिवार
वर्ग - 3
विषय - अंग्रेजी
घंटी - I
Weekly Evaluation october 2024
Class - III
Sub - English
Full Marks - 25
Answer all Questions
मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
(सुरक्षित शनिवार)
माह : अक्टूबर, चतुर्थ शनिवार
दिनांक - 26|10|2024
बालक
बालिका
18
26
12
23
सड़क दुर्घटना से बचाव के संदर्भ में जानकारी।
U.M.S DULHI CHAND, KAIMUR
क का कि की कु कू के कै को कौ कं कः

# ToB बालमन

## रोचक गणित




- एक घड़ी में घंटे और मिनट की सुईयाँ एक दिन में 22 बार मिलती हैं।
- 26 एकमात्र प्राकृतिक संख्या है जो पूर्ण वर्ग संख्या (25) और पूर्ण घन संख्या (27) के बीच स्थित है।
- पासे के विपरीत पक्षों का योग हमेशा 7 होता है।
- यदि आपने एक पैसे से शुरुआत की और 30 दिनों तक हर दिन उसका मूल्य दोगुना किया, तो आपके पास पहले महीने में 5,000,000 मिलियन डॉलर से अधिक होंगे।
- एक मानक फुटबॉल पेंटागन और हेक्सागन से बना होता है। इसमें 12 पेंटागन और 20 हेक्सागन होते हैं।



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा ,नुआंव, कैमूर

# चहक





उ म वि सोंगर चांद कैमूर

# चहक




**क म वि चांद**
**कैमूर**

@reallygreatsite

# एक नजर इधर भी

**परिमेय संख्याओं से संबंधित कुछ तथ्य---------**

**1- परिमेय संख्याओं को अनंत रूप में लिखा जा सकता है।**

**2- प्रत्येक पूर्णांक एक परिमेय संख्या है।**

**3- दो परिमेय संख्याओं का योग और गुणनफल परिमेय संख्या होती है।**

**4- सभी पूर्णांक परिमेय संख्या होते हैं किंतु यह आवश्यक नहीं की सभी परिमेय संख्याएं भी पूर्णांक हो।**

**5- अभाज्य पूर्णांक संख्याओं का वर्गमूल परिमेय संख्या नहीं होती। जैसे- x,c,√2,√3,√5,√7,√11-----आदि**

**6-  नियत दशमलव के स्थान तक लिखी जाने वाली दशमलव संख्या परिमेय संख्या होती है। जैसे- 2.15,0.007,0.06आदि**

**7- यदि अंश और हर दोनों के चिन्ह समान हो तो परिमेय संख्या धन परिमेय संख्या कहलाएगी किंतु यदि अंश और हर के चिन्ह असमान है तो परिमेय संख्या ऋण परिमेय संख्या कहलाएगी।**

**8- आवर्ती दशमलव संख्याएं परिमेय संख्या होती हैं ।जैसे-0.6666---,1.454545-----,56.00721721721---आदि**

**9- दो धनात्मक परिमेय संख्याओं का योग तथा गुणनफल धनात्मक परिमेय संख्या होती है।**

**P.k. Nirala**
**G.M.S. Chand**

@reallygreatsite

@reallygreatsite

## खुद को परखें ( सामान्य ज्ञान )

1- मधुबनी चित्रकला बनाने के लिए कलाकार का उपयोग करता है ?
क-विशेष रूप से बनाए गए पोस्टर रंग
ख-बहुत अच्छी गुणवत्ता के फाइबर रंग
ग-चांदी और सोने को घोलकर बनाया गया रंग
घ-चावल के पाउडर का रंगीन पेस्ट

2- करो या मरो का नारा किसने दिया ?
क-सुभाष चंद्र बोस ख-महात्मा गांधी
ग-राजा राममोहन राय
घ-चौधरी चरण सिंह

3- झांसी में 1857 में विद्रोह का नेतृत्व किसने किया?
क-रानी लक्ष्मी बाई ख-तात्या टोपे
ग-मान सिंह घ-नाना फडनवीस

4- रेशे से धागा बनाने की प्रक्रिया क्या कहलाती है ?
क-बिनाई (निटिंग ) ख-बुनाई (मिनिंग)
ग-कताई( स्पिनिंग ) घ-बुनकरी(वीविंग)

उत्तर -- 1-घ,2-ख,3-क,4-ग

@reallygreatsite

@reallygreatsite

**६८ गर्मियों में बनाया गया भोजन देर तक रखने पर खट्टा या खराब क्यों हो जाता है ?**

☀ गर्मियों में भोजन का खराब या खट्टा होना जीवाणुओं के कारण होता है। जीवाणुओं के जीवित रहने के लिए उच्च तापमान और उच्च आर्द्रता बहुत ही सहायक होती है, जो गर्मियों में रहती ही है। इसलिए भोजन को कम तापमान में,फ्रिज में,या ठंडा पानी के बर्तन में रखकर जीवाणुओं से सुरक्षित करते हैं।

P.k. Nirala
G.M.S. Chand

@reallygreatsite

# एक नजर इधर भी

@re

**बिहार में स्थित प्रमुख हवाई अड्डे----**

1- जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अंतर्राष्ट्रीय) पटना

2- गया अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (अंतर्राष्ट्रीय) गया

3- माराफारी हवाई अड्डा (घरेलू )भागलपुर

4- दरभंगा हवाई अड्डा (रक्षा) दरभंगा

5- जोगबनी हवाई अड्डा (घरेलू )जोगबनी

6- चूनापुर हवाई अड्डा (रक्षा) पूर्णिया

7- रक्सौल हवाई अड्डा (घरेलू )रक्सौल

8- मुजफ्फरपुर हवाई अड्डा( घरेलू )मुजफ्फरपुर

प्रमोद कुमार निराला
क.म.वि.चांद

@reallygreatsite

एक नजर इधर भी

मोहनिया अनुमंडल के पंचायत----

1- मोहनिया प्रखंड---भोखरी, अकोढी मेला,उसरी,अकोढी, नगर पंचायत मोहनिया,बेलोढी, भरखर,कठेज,दादर,भिट्टी,अमेट

2- दुर्गावती प्रखंड----जेवरी, कल्याणपुर,डुमरी,मसौढा, अवर्हिया, कर्णपुरा, चेहरिया,सावठ, खडसरा,खमिदौरा, खजुरा, छांव,धडहर

3- नुआंव प्रखंड------अकोल्ही, अखिनी,पंजरांव, नुआंव,तरैथा,एवती,चंदेश,चांद मेखरांव, दमदमा,कोटा

प्रमोद कुमार निराला

4-रामगढ़ प्रखंड---महुअर, मसाढी,देवहलिया, नरहन-जमुरना,साहुका,नोनार, बड़ौरा,बंदीपुर,शाहबाजपुर, बघिनी,पानापुर, बम्हौरखास, अकोढी मेला ,भोखरी,डंडवास, बड़पर,कटरा कला,मुजॉन, रामगढ़,सिसौढा,सदुलहपुर, सिझुआ,अहिवास

5-कुदरा प्रखंड---सलथुआ, ससना,सिसवार,खरहना,बहेरा, भदौला,घटांव,देवराठ,नेवरास, चिलबिली,सकरी,पचपोखरी ,मेउडा,जहानाबाद

@reallygreatsite
@reallygreatsite
@reallygreatsite

# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम
## (सुरक्षित शनिवार)



RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

CHILD HELPLINE
1098

### माह: अक्टूबर

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 05.10.2024 | दशहरा / छठ / मुहर्रम आदि पर्वों में भीड़ एवं भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव ( प्राथमिक उपचार सी.पी.आर. सहित ) |  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 12.10.2024 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी |  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 19.10.2024 | दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबंधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी |  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 26.10.2024 | सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी। |  |

### माह: नवंबर

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम शनिवार<br>दिनांक 02.11.2024 | भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव के सन्दर्भ में जानकारी |  |
| द्वितीय शनिवार<br>दिनांक 09.11.2024 | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी |  |
| तृतीय शनिवार<br>दिनांक 16.11.2024 | भूंकप से खतरे एवं बचाव के बारे में जानकारी ( मॉकड्रिल ) |  |
| चतुर्थ शनिवार<br>दिनांक 23.11.2024 | बाल अधिकार, बाल विवाह, बाल शोषण तथा बच्चों से छेड़छाड़ के संदर्भ में जानकारी |  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

**किसी माह पांचवे शनिवार पड़ने की स्थिति में बच्चों को स्वच्छता संबधित जानकारी देंगे एवं उसका अभ्यास करायेंगे।**

www.teachersofbihar.org

# नन्हे वैज्ञानिक



# महापर्व छठ की एक झलक



# महापर्व छठ की एक झलक



# महापर्व छठ की एक झलक



# महापर्व छठ की एक झलक



# महापर्व छठ की एक झलक



# गांधी जयंती



उ.म.वि बभनियांव चांद कैमुर





उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद कैमूर

# गांधी जयंती


2 अक्टूबर
महात्मा गांधी जयन्ती
उ म वि भटानी चांद
कैमुर
Latitude: 25.163679
Longitude: 83.386782
Elevation: 78.17±10 m
Accuracy: 9.1 m
Time: 10-02-2024 11:11
Powered by NoteCam

# गांधी जयंती






# गांधी जयंती



# रंगोली









गांधी स्मारक उच्च विद्यालय चांद कैमूर

# रंगोली



# रंगोली



# रंगोली





उ म वि सों गर चांद कैमूर

# रंगोली


उ उ वि भलुहारी
चांद कैमूर


म वि पाढ़ी चांद कैमूर


उ म वि बड़हरिया चांद
कैमूर


पर्दा नवीन करवन्दिया
चांद कैमूर

# रंगोली






बनियादी विद्‌यालय अइलाय चांद कैमूर

@reallygreatsite

# महत्वपूर्ण दिन

2 अक्टूबर_ गांधी जयंती /
लाल बहादुर जयंती
3 अक्टूबर _विश्व प्रकृति दिवस
5 अक्टूबर_विश्व शिक्षक दिवस
6 अक्टूबर_विश्व वन्य प्राणी दिवस
8 अक्टूबर _वायु सेना दिवस
9 अक्टूबर _विश्व डाक दिवस
16 अक्टूबर_विश्व खाद्य दिवस
20 अक्टूबर _राष्ट्रीय एकता दिवस
21अक्टूबर -विश्व आयोडीन अल्पता दिवस
24 अक्टूबर_ संयुक्त राष्ट्र दिवस/
विश्व पोलियो दिवस

प्रमोद कुमार निराला
क.म.वि.चांद

@reallygreatsite

आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

# Thank you